हरिभूमि

# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, मंगलवार 4 नवंबर 2025

04 नेशनल हाइवे किनारे बसे गांव के किसान फोरलेन पर...



08 सब-स्टेशन से भवरास, बिल्लौद, जलौदा और...





## खबर संक्षेप

### सांसद ने छात्राओं से किया संवाद

**नर्मदापुरम।** सांसद दर्शन सिंह चौधरी ने उच्चतर माध्यमिक शाला बांद्राभान में छात्राओं से संवाद कर विद्यालय में उपलब्ध शैक्षणिक सुविधाओं की जानकारी प्राप्त की। उन्होने बच्चों से उनकी अर्धवार्षिक परीक्षा की तैयारियों पर चर्चा करते हुए सभी को श्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। साथ ही, खेलों में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर वर्ल्ड कप विजेता टीम से प्रेरणा लेने और उसी समर्पण भावना के साथ आगे बढ़ने का आह्वान किया। सांसद चौधरी ने कहा कि शिक्षा और खेल दोनों में संतुलित प्रगति ही सफलता की सच्ची पहचान है।

### आयुक्त ने किसानों से की चर्चा

**नर्मदापुरम।** नर्मदापुरम संभाग कमिश्नर कृष्ण गोपाल तिवारी सोमवार को कृषि उपज मंडी इटारसी पहुंचे , यहां उन्होंने सोयाबीन एवं धान की उपज की नीलामी का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने भावांतर योजना में पंजीकृत किसानों से चर्चा की एवं धान एवं सोयाबीन खरीदने वाले व्यापारियों से भी आमने-सामने चर्चा कर वस्तु स्थिति जानी।

### कल से ऑन स्पॉट बुकिंग के लिए तय जिप्सियों की भी होगी ऑनलाइन बुकिंग

# मढ़ई में जंगल सफारी के लिए दो जिप्सियों की ऑन स्पॉट बुकिंग अब बंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

सोमवार दोपहर मढ़ई रेंज ऑफिसर राहुल उपाध्याय ने बताया कि मढ़ई में जंगल सफारी के लिए दो जिप्सियां ऑन स्पॉट बुकिंग सर्विस के तहत उपलब्ध रहती थी। जिनकी बुकिंग ग्राम सारंगपुर स्थित टिकट विंडो से पर्यटकों को अगले दिन के लिए करानी पड़ती थी। लेकिन अब पांच नवंबर 2025 से इन दोनों जिप्सियों की बुकिंग ऑनलाइन सिस्टम से होगी। इस तरह पर्यटकों को मढ़ई में जंगल सफारी के लिए अब 16 जिप्सियां ऑनलाइन बुकिंग के तहत उपलब्ध होंगी। ऑनलाइन बुकिंग सुविधा में पर्यटकों के लिए 18 जिप्सी होंगीं व दो जिप्सियां फील्ड डायरेक्टर कोटे की रहेंगी। कोटे की दोनों जिप्सियों की बुकिंग पूर्व की ही भांति होती रहेगी। वह हरिभूमि से चर्चा कर रहे थे।

एसटीआर की मढ़ई टूरिज्म जोन में दो जिप्सी पर्यटकों के लिए ऑन स्पॉट बुकिंग पर उपलब्ध होती हैं। लेकिन पांच नवंबर से दोनों जिप्सियों की बुकिंग भी ऑनलाइन सिस्टम से ही होगी।



#### यह था जिप्सियों का आंकड़ा

रेंजर राहुल उपाध्याय के अनुसार मढ़ई कोरक्षेत्र में सफारी के लिए पर्यटकों को 20 जिप्सियों की सुविधा मिलती थी। 16 जिप्सियों की बुकिंग ऑनलाइन पद्धति से, जबकि दो जिप्सियों की बुकिंग ऑन स्पॉट अर्थात विंडो से होती थी। वहीं दो जिप्सी फील्ड डायरेक्टर कोटे की होती थी। लेकिन नए नियम अनुसार ऑनलाइन बुकिंग सुविधा में पर्यटकों के लिये 18 जिप्सी होंगीं व दो जिप्सियां फील्ड डायरेक्टर कोटे की रहेंगी। कोटे की दोनों जिप्सियों की बुकिंग फील्ड डायरेक्टर एसटीआर की अनुशंसा पर पूर्व की ही भांति होती रहेगी।

#### हुई थी गड़बड़ी की शिकायत

उल्लेखनीय है कि नवंबर 2025 तथा इसके पूर्व ऑन स्पॉट जिप्सी बुकिंग को लेकर पर्यटकों की ओर से शिकायतें हुई थीं। शिकायतों में उल्लेख था कि सारंगपुर ग्राम में सतपुड़ा टाइगर रिजर्व की टिकट विंडो पर कई दलाल सक्रिय रहते हैं। जो पहले आओ पहले पाओ की तर्ज पर मिलने वाली जिप्सी की ऑन स्पॉट बुकिंग लेने की इच्छा रखने वाले पर्यटकों से अधिक राशि लेकर गड़बड़ी करते हैं। ये दलाल पर्यटकों से अधिक राशि लेकर स्वयं लाइन में खड़े हो जाते थे तथा ऑन स्पॉट जिप्सी की बुकिंग करते थे। नवंबर 2025 में शिकायत के बाद सतपुड़ा टाइगर रिजर्व प्रबंधन ने कुछ सुधार किए थे एवं ऑनस्पॉट बुकिंग के लिए लगभग 24 घंटे पहले विंडो पर जाकर जिप्सी बुक करने का विकल्प खोला था। बताया जाता है कि पूर्व की शिकायतों के बाद से लगातार सभी टाइगर रिजर्व्स में ऑन स्पॉट बुकिंग में परिवर्तन लाने तथा ऑनलाइन बुकिंग को ही जारी रखना की प्रक्रिया पर काम चल रहा था।

#### दो भी हो ऑनलाइन


इधर पर्यटकों का कहना है कि मढ़ई क्षेत्र की सभी 20 जिप्सियों की ऑनलाइन बुकिंग होनी चाहिए। पर्यटकों का कहना है कि फील्ड डायरेक्टर कोटे की दोनों जिप्सियां भी ऑनलाइन बुकिंग में शामिल की जानी चाहिए। क्योंकि कोटे की जिप्सियों से परेशानियां होती हैं। एसटीआर प्रबंधन सूत्र भी मानते हैं कि कई बार वीआईपी पर्यटक मढ़ई पहुंचकर फील्ड डायरेक्टर कोटे की जिप्सी मांगते हैं और दबाव बनाते हैं। जबकि इन दोनों जिप्सियों का रिजर्वेशन फील्ड डायरेक्टर की अनुशंसा पर होता है। इस तरह वीआईपी पर्यटकों व कर्मचारियों के बीच विवाद होते हैं।

## पुलिस ने की दो आदतन अपराधियों पर कार्रवाई



हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर

माखन नगर थाना प्रभारी दो बदमाशों की बेल्ट से पिटाई कर रहे हैं और एक के पैर पर पैर रखकर पैर के पंजे पर बेल्ट मारते दिख रहे हैं, तो दूसरे के हाथ पर बेल्ट मारते दिख रहे हैं। बदमाश कैमरे पर माफी मांग रहे हैं। थर्ड डिग्री पिटाई का वीडियो वायरल हुआ है। इसके बारे में एसडीओपी संजू चौहान से जब बात की गई तो उन्होंने बताया एक सलीम पिद्दा है जिसका आपराधिक रिकॉर्ड है। दूसरा विष्णु कहार है जो आए दिन लोगों के साथ मारपीट और धमकी देने का काम करते हैं। कुछ दिन पहले जिसकी जीतू कीर ने उत्पाद करने एवं मारपीट की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। सलीम पिद्दा और एक अन्य पर प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की गई है। सलीम पिद्दा बदमाश है इसको नसीहत देने के लिए यह एक्शन लिया गया होगा। वहीं आम जनता में दहशत दूर करने के लिए इन दोनों बदमाशों का पुलिस ने जुलूस भी निकाला था ।



## सिंचाई के लिए तवा की बांयी तट से छोड़ा गया पानी



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

संभागीय जल उपयोगिता समिति में लिए गए निर्णय के अनुसार आगामी रबी फसलों की सिंचाई के लिए 3 नवम्बर से हरदा के लिए तवा बांयी तट मुख्य नहर में जल प्रवाह प्रारंभ किया गया। सोमवार सायं 5 बजे से 218 क्यूसेक जल प्रवाह छोड़ा गया। इस अवसर पर मुख्य अभियंता, आर. आर. मीना व जन प्रतिनिधि एवं विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## नर्मदा कॉलेज में कॅरियर मार्गदर्शन, कार्यशाला में विद्यार्थियों को दी गई रोजगार की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

शासकीय पीएम ऑफ कालेज नर्मदापुरम में विद्यार्थियों को कॅरियर मार्गदर्शन पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ रामकुमार चौकसे ने मार्गदर्शन उद्बोधन में कहा कि विद्यार्थी अपने लक्ष्य की प्राप्ति कठोर मेहनत और आत्मानुशासन द्वारा पूरा कर सकते हैं वर्तमान समय में संसाधनों की कमी नहीं है रोजगार और स्वरोजगार के लिए अनेक योजनाएं हैं। विद्यार्थी जीवन में दक्षता कौशल के साथ भविष्य के लिए आधार गढ़े जा सकते हैं। जिला रोजगार कार्यालय से पधारे जितेंद्र सिंह राजपूत द्वारा प्रशासनिक क्षेत्र में कैरियर बनाने पर विस्तार से प्रेरणास्पद व्याख्यान दिया गया। अनुपम तिवारी ने व्यावसायिक सोसल वर्क की ओर ध्यान आकर्षित किया। आभार प्रदर्शन डॉ आलोक मित्रा ने तथा संचालन डॉ मनीष परिहार ने किया। कार्यक्रम में डॉ राजीव शर्मा, स्वाति गुप्ता, डॉ एसके दिवाकर, डॉ राजीव द्विवेदी, डॉ सुरभि भट्ट मेघा रावत, कु रीनू वर्मा कविता उईके राकेश खापरे एवं अन्य प्राध्यापक उपस्थित रहे।



## मां नर्मदा-तवा के संगम पर पूजन के साथ प्रारंभ हुआ 3 दिवसीय बांद्राभान का मेला

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

मां नर्मदा एवं तवा के संगम तट बांद्राभान में सोमवार से तीन दिवसीय बांद्राभान मेले का शुभारांभ हुआ। पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एवं विधायक नर्मदापुरम डॉ सीतासरन शर्मा, लोकसभा सांसद दर्शन सिंह चौधरी, राज्यसभा सांसद माया नारोलिया, सोहागपुर विधायक विजयपाल सिंह, कलेक्टर सोनिया मीना, पुलिस अधीक्षक साई कृष्णा एस थोटा, मध्य प्रदेश तैराकी संघ के अध्यक्ष पीयूष शर्मा, सीईओ मेला प्राधिकरण राजेश श्रीवास्तव, सीईओ जिला पंचायत हिमांशु जैन, नगर पालिका नर्मदापुरम की अध्यक्ष नीतू यादव, नगर पालिका इटारसी के अध्यक्ष पंकज चौरे, जनपद अध्यक्ष भूपेंद्र चौकसे, प्रीति शुक्ला, महेंद्र यादव, आशुतोष तिवारी, मोहन गुबरेले सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने विधिवत पूजा अर्चना कर मेले का शुभारंभ किया। इस अवसर पर एसडीएम नर्मदापुरम जय सोलंकी, एसडीओपी जितेंद्र पाठक, डिस्ट्रिक्ट कमांडेंट होमगार्ड विनोद ओशो गौतम, जनपद सीईओ रंजीत तराम, आदि मौजूद रहे।



## सुबह से खाद लेने लाइन में खड़े किसान होते रहे परेशान

### प्रशासन ने खाद आवक से जताई अनभिज्ञता, नाराज किसानों ने लगाया सड़क पर जाम, प्रशासन ने दोपहर में बांटे टोकन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

सोहागपुर उपमंडी में सोमवार से खाद वितरण की घोषणा गत दिनों सत्तापक्ष ने की थी। जिसके बाद सोमवार सुबह सैकड़ों किसान उपमंडी पहुंचे तो अधिकारियों ने खाद बंटन से अनभिज्ञता जताई। इससे नाराज किसान स्टेट हाईवे पर बैठ गए, जिन्हें एसडीओपी संजू चौहान ने समझाकर उपमंडी पहुंचाया। घटना की सूचना मिलने पर एसडीएम प्रियंका भल्लावी ने नायब तहसीलदारों रंजीत चौहान एवं नीरू जैन को मौके पर भेजा। जहां दोनों को किसानों ने बताया कि गत दिनों विधायक विजयपाल सिंह के हवाले से मीडिया व सोशल मीडिया पर प्रसारित किया गया था कि सोमवार से सोहागपुर उपमंडी में खाद वितरण होगा। अतः सोमवार सुबह चार बजे ही किसान उपमंडी पहुंच गए थे, लेकिन खाद नहीं मिला।



#### दोपहर में बांटे टोकन

सैकड़ों किसानों के गुस्से को शांत करने एवं लॉ एंड ऑर्डर की स्थिति को सामान्य बनाए रखने प्रशासन ने तत्काल उच्च स्तर पर बात की। वहीं विधायक विजयपाल सिंह ने भी खाद वितरण व्यवस्था से जुड़े अधिकारियों से चर्चा की एवं कहां की किसानों को परेशानी नहीं होनी चाहिए। विधायक ने कहा कि हर हाल में सोहागपुर उपमंडी से खाद वितरण हो। जिसके बाद दोपहर में किसानों को प्रशासनिक अधिकारियों की उपस्थिति में टोकन दिए गए हैं। शीघ्र ही खाद वितरण शुरू कराने की जानकारी जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों ने दी है।



### बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अंतर्गत हुआ कार्यक्रम

**नर्मदापुरम।** परियोजना पिपरिया में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम का आयोजन गर्ल्स स्कूल में किया गया। कार्यक्रम अंतर्गत विभिन्न गतिविधियां जेंडर आधारित हिंसा को समाप्त करना, बालक बालिका समानता हेतु क्विज एवं नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एडवोकेट शकुंतला मौर्य, शिवी मौर्य द्वारा बेटे एवं बेटियों को मिलने वाली कानूनी समानता एवं अन्य कानूनी धाराओं से अवगत कराया गया। आंगनवाड़ी कार्यकर्ता निकिता दुबे, सौम्या जैन, ऊषा ठाकुर, सुशीला विश्वकर्मा, अंशिका एवं रोशनी के द्वारा भ्रूण हत्या, जेंडर आधारित हिंसा एवं समानता, बालिका शिक्षा जागरूकता पर नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया।

## अभा कायस्थ समाज मातृशक्ति ने मानव श्रृंखला बनाकर चलाया स्वच्छता अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

शहर में रविवार को अखिल भारतीय कायस्थ समाज मातृशक्ति द्वारा चित्रगुप्त घाट पर स्वच्छता अभियान के तहत घाट पर साफ सफाई की गई। घाट के किनारे पर जमा कचरा फूल माला इत्यादि को मानव श्रृंखला बनाकर निकाला और घाट के ऊपर डस्टबिन में डाला। घाट के किनारे लोगों ने सीढ़ियों के किनारे अधिक मात्रा में फूल माला व अन्य सामग्री नर्मदा में डाली थी उसे समाज की महिलाएं पुरुषों ने निकाल कर एकत्रित कर डस्टबिन में डाला गया । साथ ही एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति को कचरा भर कर घाट के किनारे से एक श्रृंखला के रूप में घाट के ऊपर पहुंचाया । स्वच्छता अभियान में सेंट्रल बैंक के सेवानिवृत अधिकारी विजय वर्मा ने कहा कि नर्मदा में गंदगी ना फैलाएं । आटे की गोलियां नदी में डालें जिससे मछली सहित अन्य जीवन को भोजन मिल सके। मां नर्मदा सब की जीवन दायिनी है हम सब का कर्तव्य है की मां को सुंदर और स्वच्छ रखें।




श्री वर्मा ने कहा कि घाट पर जो भी भंडारा होता है उन श्रद्धालुओं से भी अपील की है कि भंडारे का प्रसाद खाने के बाद डस्टबिन में ही डालें । ऐसा कहते हैं कि गंगा में नहाने से जो फल मिलता है वह नर्मदा के दर्शन मात्र से मिल जाता है। इस अवसर पर अखिल भारतीय कायस्थ समाज मातृशक्ति की जिला अध्यक्ष ज्योति वर्मा, विजय वर्मा आदि मौजूद रहे।

## महावीर बजरंग टीम भौंखेड़ी ने जीती डबल विकेट क्रिकेट स्पर्धा



हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

सोहागपुर के रेलवे ग्राउंड पर आयोजित एक दिवसीय डबल विकेट क्रिकेट प्रतियोगिता रविवार शाम संपन्न हुई। जिसमें महावीर बजरंग भौंखेड़ी विजेता तथा महावीर इंटरप्राइजेज़ उप विजेता बने। आयोजक पार्षद आशीष विश्वकर्मा ने बताया कि अतिथि रूप में नपाध्यक्ष लता पटेल, उपाध्यक्ष आकाश रघुवंशी, नपाध्यक्ष प्रतिनिधि यशवंत पटेल, पार्षदगण शकुन सराठे एवं रविशंकर उईके, एलएस रघुवंशी, दशरथ रघुवंशी, फाइटर क्लब अध्यक्ष जितेंद्र शर्मा, भाजपा सोहागपुर मंडल महामंत्री ऋषभ गढ़वाल, गौरव दीक्षित उपस्थित रहे। प्रतियोगिता में बेस्ट बल्लेबाज दिग्विजय हतवास, बेस्ट बॉलर एवं मेन ऑफ द मैच नीरज भौंखेड़ी व बेस्ट विकेट कीपर नावेद रहे। कमेंटेटर अंकित श्रोती सहित अंपायर्स अनूप सरकार, नीरज कापरे व विशाल मालवीय पुरुस्कृत किए गए। विजेता टीम को 11 हजार रुपये व शील्ड व उपविजेता टीम को 5500 रुपये एवं शील्ड दिये गए। आयोजक आशीष विश्वकर्मा ने सभी का आभार व्यक्त किया।

### विभिन्न विधाओं में पारांगत हो रहे खिलाड़ी

## नर्मदापुरम के नेहरू पार्क में संचालित शतरंज केन्द्र में प्रतिदिन शतरंज खेल की गतिविधियां हो रही संचालित

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

यह शतरंज केन्द्र नेहरू पार्क के ओपन हाल में 22 जून 2024 से प्रारंभ किया गया है। जहां प्रतिदिन शाम को 4 बजे से 7 बजे तक शतरंज खेल निःशुल्क सिखाने, प्रशिक्षण का कार्य जिला शतरंज संघ के वरिष्ठ पदाधिकारी जी पी गौर राष्ट्रीय प्रशिक्षक एवं अन्य पदाधिकारी तथा वरिष्ठ खिलाड़ियों द्वारा किया जा रहा है । इसके साथ ही खिलाड़ियों द्वारा अभ्यास और समय समय पर प्रतियोगिता का आयोजन भी खिलाड़ियों द्वारा किया जाता है। शतरंज केन्द्र में प्रतिदिन लगभग बीस-पच्चीस बालक- बालिकाएं, युवा, वरिष्ठ नागरिक तथा पैरेंट्स शतरंज केन्द्र में आ रहे हैं । ग्रीष्मकालीन अवकाश में यहां एक माह का प्रशिक्षण एस पी मेहरा सचिव और जी पी गौर द्वारा शतरंज संघ के अन्य पदाधिकारियों तथा खिलाड़ियों के सहयोग से आयोजित किया गया था। जिसमें लगभग 45 बच्चो ने शतरंज सीखी। शतरंज केन्द्र नेहरू पार्क में ओपन बड़ा हाल , लाईट, पंखा, पानी आदि की व्यवस्था उपलब्ध है । समय समय पर नगरपालिका एवं जिला प्रशासन के अधिकारी, पदाधिकारी,जन प्रतिनिधि तथा विभिन्न संघों के पदाधिकारी शतरंज केन्द्र का अवलोकन करते हैं। शतरंज केन्द्र में शतरंज की गतिविधियों प्रारम्भ होने से नगर के शतरंज खिलाड़ियों के शतरंज कौशल में उल्लेखनीय प्रगति हुई है तथा अनेक खिलाड़ियों ने शतरंज की अन्तर्राष्ट्रीय फीडे रेटिंग प्राप्त की हे । खिलाड़ियों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में शामिल होकर महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त कर जिले को गौरवांवित किया है ।

इसी वर्ष स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा सीहोर में आयोजित राज्य स्तरीय शालेय शतरंज प्रतियोगिता में नर्मदापुरम जिले से चयनित 15 विद्यार्थी सम्मिलित हुए तथा अक्टूबर माह में खंडवा में आयोजित राष्ट्रीय रेपिड रेटिंग शतरंज प्रतियोगिता में नर्मदापुरम जिले से रिकार्ड 17 खिलाड़ियों ने भाग लेकर शानदार प्रदर्शन किया और पुरस्कार प्राप्त किए।



## खाटू श्याम भजन संध्या के आयोजन में कलाकारों ने दी प्रस्तुति



हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर

माखन नगर देव उठनी ग्यारस पर श्री श्याम शरणम म्यूज़िकल ग्रुप ने माखन नगर में सुमधुर भजनों की भव्य प्रस्तुति दी। गायत्री कालोनी माखन नगर में खाटू श्याम भजन संध्या का आयोजन हुआ। श्रोताओं ने भजनों का आनंद लिया म्यूजिकल ग्रुप की आशा राजपूत व उनके साथी कलाकार ,कीबोर्ड पर अतुल शर्मा, ऑक्टोपैड पर लोकेश चौधरी, ढोलक पर शैलेंद्र गढ़वाल,ने शानदार भजनों की प्रस्तुती दी। इस दौरान शैलेंद्र तिवारी सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। भजन संध्या में बाबा श्याम के भजनों से माहौल भक्तिमय हो गया।

## खबर संक्षेप



### जनजातीय गौरव पखवाड़ा दिवस की शुरुआत

**सारनी।** केंद्रीय विद्यालय सारनी में जनजातीय गौरव पखवाड़ा दिवस मनाया गया। जनजातीय नायकों के पराक्रम, दूरदर्शिता और योगदान को श्रद्धांजलि देने के लिए जनजातीय गौरव पखवाड़ा 1 से 15 नवंबर तक मनाया जाएगा। यह उत्सव भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में मनाए जा रहे जनजातीय गौरव वर्ष का हिस्सा है। इस अवसर पर विद्यालय की छात्रा राशि सिंह चौहान ने प्रभावशाली भाषण देकर जनजातीय नायकों के योगदान और उनकी वीरता को याद किया। विद्यार्थियों ने वर्ली और गोंड चित्रकला के माध्यम से जनजातीय संस्कृति की समृद्ध परंपराओं और विरासत को सुंदर रूप में प्रस्तुत किया। इस कार्यक्रम का संचालन मनराज मीना द्वारा किया गया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य, वरिष्ठ शिक्षक ब्रजेश वर्मा सहित अन्य शिक्षकगण उपस्थित रहे।

### ट्रेंचिंग ग्राउंड कचरा निष्पादन की होगी जांच



**बैतूल।** सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में केंद्रीय राज्यमंत्री जनजातीय कार्य दुर्गादास उईके, विधायक एवं प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल, विधायक आमला डॉ. योगेश पंडाग्रे, विधायक मुलताई चंद्रशेखर देशमुख तथा विधायक भैंसदेही श्री महेंद्र सिंह चौहान की उपस्थिति में विकास कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में नगरीय निकायों के स्वीकृत कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गई तथा लंबित कार्यों को शीघ्र प्रारंभ करने के निर्देश दिए गए। बैठक के दौरान बैतूल नगर पालिका अंतर्गत ट्रेंचिंग ग्राउंड में कचरा निष्पादन कार्य की स्थिति पर विशेष चर्चा की गई। निर्धारित टेंडर के अनुरूप स्थल पर कचरा निष्पादन कार्य नहीं पाए जाने की स्थिति में विधायक श्री खंडेलवाल ने जांच के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अक्षत जैन को अपर कलेक्टर, एसडीएम बैतूल एवं कार्यपालन यंत्री पीडब्ल्यूडी को सम्मिलित करते हुए जांच दल गठित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यह दल सात दिवस के भीतर विस्तृत प्रतिवेदन प्रस्तुत करेगा।

### हाइवे पर किसानों का कब्जा होने से आए दिन हो रहे हादसे, जिम्मेदार कब देंगे ध्यान...?

# नेशनल हाइवे किनारे बसे गांव के किसान फोरलेन पर ही सूखा रहे मक्का व सोयाबीन



संजय द्विवेदी ▶▶ बैतूल

बैतूल-इटारसी नेशनल हाईवे पर पाढर से केसला के बीच किसानों ने हाइवे और बायपास रोड को खलिहान बना लिया है। यहां किसान मक्के और सोयाबीन की फसल को सडक़ पर फैलाकर सूखा रहे है, जिससे सडक़ दुर्घटनाओं की आशंका बनी हुई है। ऐसा भी नहीं कि हाईवे पर किसी जिम्मेदार अफसर की नजर मक्का की ओर नहीं जाती, नजर तो पड़ती है, पर कोई गौर नहीं करता। जिससे वाहन चालकों को जान जोखिम में डालकर सफर करना पड़ रहा है। दरअसल बारिश के बाद अब मौसम खुल गया है और हल्की धूप खिल रही है। ऐसे में उपज को सूखाने के लिए किसान हाइवे किनारे या बायपास रोड पर उपज फैला रहे है। खासकर पाढर से लेकर धार बेरियर और भौंरा के समीप दांडीवाड़ा, कुंडी के आसपास हाइवे पर यह स्थिति सबसे ज्यादा देखी जा रही है। किसान सडक़ पर और बायपास रोड पर मक्का-सोयाबीन फैला रहे है, ताकि उपज में मौजूद नमी खत्म किया जा सके, किन्तु किसानों की यह लापरवाही वाहन चालकों के लिए बड़े हादसे का कारण बन रही है, क्योंकि अधिकांश वाहन चालक एक साथ साइड पर ही वाहन चलाते है। ऐसे में अचानक सडक़ पर मक्का-सोयाबीन के फैलाव की वजह से चालक, वाहन से नियंत्रण खो सकते है और बड़ा हादसा हो सकता है।

#### खेतों की जमीन गीली, इसलिए हाइवे पर बिछा रहे उपज

अभी कुछ समय पहले जिले के कई हिस्सों में बारिश हुई। जिससे खेत-खलियान की जमीन गीली हो गई थी। जमीन में अभी भी नमी बरकरार है। ऐसे में उपज को सूखाने के लिए किसान सडक़ पर फैला रहे है। जब राहगीर किसानों को सडक पर आकर मक्का-सोयाबीन सहित अन्य फसल नहीं सुखाने का अनुरोध करते हैं तो किसान मौसम और संसाधन का अभाव बताकर बात को टाल जाते हैं। किसानों का कहना है कि हम तो ऐसा कई वर्षो से कर रहे है। सडक़ किनारे फसल सूखाने के मामले को लेकर वाहन चालकों का कहना है कि सडक़ पर मक्का सुखाना पूरी तरह से गलत है। लेकिन एनएचएआई के अधिकारी एवं अन्य जिम्मेदार अफसर इस पर ध्यान नहीं दे रहे है। जिसकी वजह से ऐसे किसानों के हौंसले दिनोंदिन बढ़ रहे है।

#### निर्देशों को दरकिनार कर सूखा रहे उपज

बताया गया कि हर साल प्रशासन के द्वारा सडक़ पर मक्का नहीं सूखाने का दिशा-निर्देश जारी किया जाता है, लेकिन फिर जैसे ही फसल का समय आता है, किसान हर बार की तरह सडक़ पर ही मक्का, सोयाबीन सहित अन्य फसल सूखाने लगते हैं। सडक़ पर मक्का होने के कारण सडक़ काफी संकरी हो जाती है और वाहन चालकों के दुर्घटनाग्रस्त होने की आशंका बढ़ जाती है। दर्जनों बार सडक़ पर मक्का फैली होने के कारण दोपहिया वाहन चालक स्लीप भी हो चुके है। सडक़ों पर बेरोकटोक मक्के की फसल को सुखाने के चक्कर में कई बार आवागमन बाधित हो जाता है, तो कई बार वाहन अनियंत्रित होकर दुर्घटना का शिकार बन जाते है। गत दिनों एक दोपहिया वाहन चालक की मक्के की उपज पर गाड़ी चढ़ जाने के कारण स्लीप हो गये थे, जिससे उन्हें गंभीर चोटे आई थी।

#### फसल बिखरने से बचाने रख देते है पत्थर

किसानों द्वारा हाईवे पर फसल उड़ेल दी गई। वाहनों की चपेट में आकर मक्का इधर-उधर, बिखरने के बचाने को किसान सडक़ पर ही पत्थर ईंटें रख देते है, लेकिन किसी को इस बात की चिंता नहीं कि बाइक सवार कोई भी व्यक्ति चपेट में आया तो सुरक्षित कैसे बच पाएगा। बैतूल से मुलताई हाइवे पर भी कमोवेश ऐसा ही नजारा बना हुआ है। बताते हैं कि कुछ स्थानों पर तो किसान अपनी ट्रैक्टर-ट्रॉलियों को भी सडक़ किनारे खड़ी कर लेते हैं, जिससे दूसरे वाहन सवार लोगों को दिक्कत बढ़ जाती है। लोगों की मानें तो हाईवे पर होकर रोजाना ही हजारों की संख्या में वाहन गुजरते हैं। पुलिस और प्रशासनिक अफसर भी सरकारी वाहनों से निकलते हैं, लेकिन लोगों पर जोखिम से जुड़े इस गंभीर मुद्दे पर किसी की नजर नहीं पड़ती।

**कार्रवाई करेंगे**

*यह बहुत गलत है। मेरी जानकारी में अभी आया है। जिसके बाद मैंने अपने कंसल्टेंट को आज ही विजिट करके गलत तरीके से अपनी फसलें सूखा रहे किसानों को हटाने का कहा है। यदि वे नहीं मानते हैं तो फिर नोटिस देकर उन पर कार्रवाई करेंगे।*

*- मनीष मीणा, प्रोजेक्ट डायरेक्टर, एनएचएआई*

### बाल विवाह की पुलिस को दें सूचना

**बैतूल।** देवउठनी एकादशी से शादी-विवाह की तैयारी शुरू हो चुकी है। ऐसे में जिले में बाल विवाह के खिलाफ मुहिम चला रहे गैरसरकारी संगठन प्रदीपन ने जिला प्रशासन व जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण (डीएलएसए) से बाल विवाहों की रोकथाम के लिए सख्त निगरानी और अत्यधिक सतर्कता बरतने का अनुरोध किया है। संगठन ने जिला प्रशासन को भेजी चि_ी में बाल विवाहों की रोकथाम सुनिश्चित करने के लिए कड़ी चौकसी की अपील की है, ताकि ऐसी कोई भी घटना प्रशासन की जानकारी से ओझल नहीं रह सके और तत्काल कार्रवाई की जा सके। साथ ही जन-जन तक यह संदेश पहुंचाना आवश्यक है कि यदि किसी भी व्यक्ति के पास किसी संभावित बाल विवाह की जानकारी है तो वह तत्काल पुलिस हेल्पलाइन (112), चाइल्ड हेल्पलाइन (1098) या स्थानीय थाने को सूचित करे ताकि इस अपराध को रोका जा सके। संगठन ने एक नवंबर से शुरू हुए शादी- ब्याह को देखते हुए जिला प्रशासन से सरपंचों, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं और पुलिस को अतिरिक्त सतर्कता बरतने का निर्देश देने की अपील की है। इसके साथ ही संगठन ने आज से ही गांवों और स्कूलों में बाल विवाह के खिलाफ जागरूकता अभियान को गति देने का फैसला करते हुए धार्मिक नेताओं से भी इस मौके पर अतिरिक्त सतर्कता बरतने की अपील की है। प्रदीपन की निदेशक रेखा गुजरे ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने 2024 के अपने ऐतिहासिक फैसले में जिलों को बाल विवाहों की रोकथाम के लिए सतर्क रहने को कहा है। हम जिला प्रशासन से सिर्फ सुप्रीम कोर्ट के दिशानिर्देशों पर अमल की मांग कर रहे हैं।

## ट्रैफिक नियमों की जानकारी देने सड़क पर उतरे न्यायाधीश

### आधा घंटे में शहर की सड़कों से गायब हुए वाहन



**आमला।** शहर के मेंन रोड, बस स्टैंड, तहसील के पास सोमवार को स्थानीय न्यायाधीशों के द्वारा सडक़ पर अवैध रूप से चल रहे वाहनों की जांच की गई। अलग-अलग इलाकों में कई घंटे तक न्यायाधीश हर आने जाने वालों वाहनों की जांच करते रहे। इस दौरान दर्जनों छोटे-बड़े सभी वाहनों के चालान काटे गए। अमूमन देखा गया है कि इलाके में ट्रैफिक नियमों को लेकर लोगों में कोई जागरूकता नहीं है, जिसके चलते कई बार दुर्घटनाएं होती रहती हैं। सोमवार को जब न्यायाधीश पुलिस टीम के सहयोग से सडक़ों पर उतरकर वाहन चालकों के चालान बना रहे थे, उस दौरान जैसे-जैसे लोगों को जानकारी मिल रही थी, वाहन सडक़ से गायब होते रहे और सडक़े वीरान और सूनी दिखाई पडऩे लगी। सब कुछ इतनी जल्दी-जल्दी घटा की अक्सर मेंन रोड में सडक़ों तक पसरी दुकानों और बेतरतीब से यहां वहां खड़े वाहन भी गायब नजर आए। इस मौके पर दर्जनों वाहन चालकों के चालान भी बनाए गए हैं। एक युवती द्वारा न्यायाधीशों से बहस करने और दबंगई दिखाने पर न्यायाधीशों ने युवती का वाहन ही जप्त कर लिया था।

## आरोपी की अतिक्रमण में लगी चिकन शॉप की दुकान को प्रशासन ने हटाया

### सामूहिक दुराचार का फरार आरोपी भोपाल से गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

सामुहिक दुराचार मामले के आरोपी की शासकीय भूमि पर अतिक्रमण कर लगी चिकन शॉप (दुकान) को प्रशासन ने हटा दिया है। सीएमओ जीआर देशमुख ने बताया कि आरोपी ने शासकीय भूमि पर टीन शेड बनाकर दुकान खड़ी की थी, जिसे सोमवार को हटा दिया गया है।

इधर सामूहिक दुराचार के फरार आरोपी को भी पुलिस ने भोपाल से गिरफ्तार कर लिया है। आमला पुलिस ने बीती रात आरोपी को पकड़ लिया, जो घटना के बाद अपने रिश्तेदार के घर में छिपा हुआ था। बता दे कि 31 अक्टूबर से लापता 14 वर्षीय छात्रा के साथ तीन लोगों ने सामूहिक दुराचार किया था। पीड़िता छात्रा स्कूल की छुट्टी के बाद घर लौट रही थी, तभी बदमाशों ने स्कॉर्पियो में लिफ्ट दी और फिर सुनसान इलाके में ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया था, वहीं तीसरा आरोपी फरार था, जिसे भोपाल से गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार, इस मामले में पहले ही दो आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है।




### पुलिस गाड़ी पर भी किया पथराव

## शराब से भरी बोलेरो में ग्रामीणों ने की तोड़फोड़, मामला दर्ज

**बैतूल।** रानीपुर थाना क्षेत्र में रविवार रात दूधावानी गांव में ग्रामीणों ने अवैध शराब ले जा रही बोलेरो को रोककर तोडफ़ोड़ की। मौके पर पहुंची पुलिस टीम के वाहन पर भी पथराव किया, जिससे उसके शीशे टूट गए। पुलिस ने बोलेरो 57 लीटर अवैध शराब जब्त कर दो अलग-अलग मामले दर्ज किए हैं। एडिशनल एसपी कमला जोशी ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही वे रात में घोड़ाडोंगरी पहुंचीं। जांच में बोलेरो (एमपी06 -बीए-0787) से करीब 57 लीटर अवैध शराब मिली। वाहन को जब्त कर घोड़ाडोंगरी चौकी में खड़ा किया गया है। ग्रामीणों ने बोलेरो में तोडफ़ोड़ करने के बाद शराब की बोतलें फोड़ दीं। पुलिस पहुंचने पर भी भीड़ शांत नहीं हुई और पुलिस वाहन पर पथराव किया। इससे पुलिस वाहन के शीशे टूट गए। पुलिस



ने बताया कि करीब एक दर्जन अज्ञात लोगों पर शासकीय कार्य में बाधा डालने, तोडफ़ोड़ करने और आबकारी एक्ट की धाराओं में केस दर्ज किया गया है। साथ ही अवैध शराब रखने के आरोप में भी प्रकरण दर्ज हुआ है। एसआई आम्रपाली और पुलिस बल ने मौके पर पहुंचकर हालात को काबू किया। पुलिस का कहना है कि अज्ञात आरोपियों के खिलाफ बलवे और अन्य प्रासंगिक धाराओं में भी मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।



## *हेमंत खंडेलवाल से कलार समाज के प्रतिनिधि मंडल ने की भेंट*

***बैतूल।*** *जिला कलार समाज के प्रतिनिधि मंडल ने बैतूल विधायक और भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल से उनके निवास भेंट की। इस संबंध में समाज के जिला अध्यक्ष मनोज आर्य ने बताया कि प्रतिनिधि मंडल में जिले आए स्वजातीय बंधुओं ने कलार समाज के लिए मांगे रखी। जिसमें मुख्य रूप से बैतूल नगर में भगवान सहस्त्रबाहु की प्रतिमा स्थापित करने के लिए नगर पालिका क्षेत्र में उचित स्थान और सामुदायिक भवन के निर्माण के लिए शासकीय भूमि आवंटित करने के संबंध में साथ ही विधायक निधि से राशि उपलब्ध कराने के आवेदन दिया गया। इस अवसर पर प्रमुख रूप समाज के संरक्षक प्रेमशंकर मालवीय, जिलाध्यक्ष मनोज आर्य जिला सचिव निर्देश मदरेले, सतीश आर्य, पुलकित मालवीय, अंशुल मालवीय, नीतू आवंलेकर मुकेश मालवीय, कृष्णचंद आर्य, अमन आर्य, महेंद्र आर्य चिरापाटला, अरविंद मालवीय, भौरा अध्यक्ष कृष्णकांत मालवीय, दिनेश मालवीय, शिवकुमार मालवीय, अखलैश राय सहित जिले के पदाधिकारी और सामाजिक बंधु मौजूद थे।*

### बाल दिवस पर होगा फैंसी ड्रेस स्पर्धा का आयोजन

**बैतूल।** आचार्य युथ सोसाइटी एवं युवा साहू समाज सेवा संगठन जिला बैतूल के तत्वावधान में 14 नवंबर दिन शुक्रवार को नेहरू पार्क में सुबह 10 बजे से बाल दिवस समारोह का आयोजन किया गया है। गोपाल साहू ने बताया कि इस अवसर पर सुबह 10 बजे देश के प्रथम प्रधानमंत्री की प्रतिमा पर पुष्प वर्षा की जाएगी एवं केक काटकर बच्चों को वितरित किया जाएगा एवं 11 बजे से बच्चों की फैंसी ड्रेस स्पर्धा का आयोजन किया जाएगा। फैंसी ड्रेस स्पर्धा में भाग लेने वाले बच्चों को शील्ड ट्रॉफी देकर सम्मानित किया जाएगा। जिले के सभी स्कूलों के बच्चों से बाल दिवस समारोह में उपस्थित रहने का आग्रह किया गया है।

### गोंगपा ने सौंपा ज्ञापन

## आदिवासी छात्रा से गैंगरेप के आरोपियों को फांसी देने की मांग



**आमला।** आमला थाना क्षेत्र की कक्षा 9वीं में पढऩे वाली एक नाबालिग छात्रा के साथ हुए सामूहिक दुराचार की घटना के बाद आदिवासी समाज और पूरे शहर में व्याप्त आक्रोश व्याप्त है। इस घटना को लेकर गोंडवाना गणतंत्र पार्टी ने सोमवार को अनुविभागीय अधिकारी शैलेंद्र बड़ोनिया के माध्यम से राज्यपाल के नाम एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में घटना के तीनों आरोपियों को जल्द से जल्द फांसी की सजा दिए जाने की मांग की गई है। गोंगपा ने ज्ञापन में प्रशासन से एक और बड़ी मांग की है। पार्टी ने कहा है कि ऐसे घिनौने अपराध करने वाले आरोपियों के मकानों पर तत्काल बुलडोजर चलाकर उन्हें ध्वस्त करने की कार्रवाई की जानी चाहिए, ताकि समाज में कड़ा संदेश जाए। पार्टी के पदाधिकारियों ने बताया कि छात्रा का अपहरण कर तीन आरोपियों ने सामूहिक दुराचार किया, जिससे आदिवासी समाज में आक्रोश है और वे आरोपियों को जल्द से जल्द फांसी की सजा दिलाने की मांग कर रहे हैं। ज्ञापन में मांग की गई है कि पीड़ित परिवार को पुलिस प्रशासन द्वारा तत्काल सुरक्षा प्रदान की जाए। इसके साथ ही उन्हें राहत राशि भी उपलब्ध कराई जाए। ज्ञापन सौंपते समय चिंतुलल उइके जिला अध्यक्ष, पिंकेश धुर्वे युवा मोर्चा अध्यक्ष, राजेश वट्टी, अर्जुन उइके, शिवदिन इवने, श्यामराव टेकाम, श्याम उइके सहित गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के पदाधिकारी मौजूद थे, जिन्होंने आरोपियों के खिलाफ नारेबाजी करते हुए सख्त कार्रवाई की मांग की। उन्होंने प्रशासन को चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही आरोपियों पर कठोर कार्रवाई नहीं की गई, तो पार्टी द्वारा बड़ा आंदोलन किया जाएगा।

### सभी प्रभावित किसानों का बीमा कंपनी में इंटीमेशन दर्ज कराएं

# अभियान चलाकर 3 दिन में होगा फसल नुकसानी का पुन: सर्वे

**केंद्रीय मंत्री व विधायकों की उपस्थित में समीक्षा बैठक की गई आयोजित**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

दीपावाली के पश्चात हुई बारिश के बाद जिले में हुई भारी फसल नुकसानी पर विधायक बैतूल एवं प्रदेश अध्यक्ष हेमन्त खंडेलवाल ने चिंता व्यक्त करते हुए पुनः सर्वे कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि चूंकि एक सर्वे पहले हो चुका हैं, जिसमें ऐसे कई किसान छूट गए हैं, जिनकी फसल हालही में हुई बारिश के कारण खराब हुई है। ऐसे सभी किसानों का सर्वे किया जाएं, ताकि कोई भी प्रभावित किसान आर्थिक सहायता से वंचित न रहे।

सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में फसल नुकसानी, खाद वितरण और मंडी व्यवस्थाओं को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में केंद्रीय मंत्री जनजातीय कार्य दुर्गादास उईके, विधायक एवं प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल, विधायक आमला डॉ योगेश पंडाग्रे, विधायक मुलताई चंद्रशेखर देशमुख, विधायक भैंसदेही महेंद्र सिंह चौहान तथा कलेक्टर बैतूल नरेन्द्र कुमार सहित कृषि विभाग, सहकारिता एवं मंडी के अधिकारी उपस्थित रहें। विधायक घोड़ाडोंगरी श्रीमती गंगाबाई उईके वर्चुअली बैठक में शामिल हुई।




केंद्रीय मंत्री श्री उईके ने कहा कि किसानों के फसल सर्वे ओर बीमा कंपनी के इंटीमेशन का कार्य पूरी गंभीरता और संवेदनशीलता से पूर्ण किया जाएं। समस्त संबंधी विभाग अपनी सहभागिता सुनिश्चित कर सर्वे पूर्ण कराएं। सरकार की समस्त योजनाओं का लाभ पंक्ति के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे।

#### विशेष अभियान चलाकर तीन दिनों में सर्वे पूर्ण कराएं

विधायक श्री खंडेलवाल ने कहा कि जिले में ग्राम पंचायत स्तर तक विशेष अभियान चलाकर आगमी तीन दिनों में सर्वे कार्य पूर्ण कराएं और किसानों को आर्थिक सहायता दी जाएं। उन्होंने विशेष जोर देते हुए कहा कि फसल बीमा क्लेम की राशि से भी कोई बीमित किसान वंचित न रहें। जिले में सवा लाख से अधिक किसान बीमित है, सभी किसानों का इंटीमेशन (शिकायत) दर्ज कराए हैं। जोकि सभी के लिए चिंता की बात हैं। विधायक श्री खंडेलवाल ने कहा कि कृषि, जनपद और राजस्व का अमला अपने क्षेत्र में फील्ड विजिट करें और सभी प्रभावित किसानों से संपर्क कर उनका बीमा कंपनी के पोर्टल पर तीन दिन के अंदर इंटीमेशन दर्ज कराए। इसी प्रकार रेवेन्यू के अमला भी फील्ड में जाकर पुनः सर्वे करें। जिससे किसान आरबीसी 6(4) के तहत आर्थिक सहायता और बीमा कंपनी की राशि प्राप्त हो सके। विधायक डॉ पंडाग्रे ने भी कहा कि राजस्व सर्वे और बीमा कंपनी को प्राप्त इंटीमेशन में विसंगति न हो। इसके लिए कृषि विभाग बीमा कंपनी के साथ समन्वय बनाकर कार्य करें।

#### सर्वे में कोई भी प्रभावित किसान न छूटे : कलेक्टर

समीक्षा बैठक में कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने निर्देश दिए कि राजस्व और कृषि विभाग का दल तीन दिन में सर्वे का कार्य प्राथमिकता से पूर्ण कराएं। सर्वे में कोई भी प्रभावित किसान न छुटे। सर्वे के पश्चात उन्हें शीघ्र आर्थिक सहायता का भुगतान भी किया जाएं। विधायक श्री खंडेलवाल ने कहा कि बैतूल जिले सहित प्रदेश में पर्याप्त खाद उपलब्ध हैं। किसानों को खाद मिलने में किसी प्रकार की परेशानी और असुविधा न हों। व्यवस्थाएं सुदृढ़ रहें। इसी प्रकार मंडी में भी सभी व्यवस्थाएं सुदृढ़ रहे। मंडी में मानक गुणवत्ता की सोयाबीन, धान और मक्का खरीदा जाएं। भारसाधक अधिकारी भी नियमित मंडी का भ्रमण कर व्यवस्थाएं देखें।

## टोल टैक्स निशुल्क करने की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन

**सीहोर।** प्रति वर्ष अनुसार इस वर्ष भी आयोजित होने वाले विश्व स्तरीय आलमी तबलीगी इज्तिमा को लेकर आज़म लाला मित्रमण्डली ने टोल प्रबंधक दिनेश पाटिल को ज्ञापन सौंपा। आज़मलाला ने ज्ञापन का वाचन करते हुए बताया कि आगामी दिनांक 14 से 17 नवम्बर तक भोपाल में विश्व स्तरीय आलमी तबलीगी इज्तिमा का भव्य और शांतिपूर्ण आयोजन होने जा रहा है। यह आयोजन धार्मिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है, जिसमें देश-विदेश से बड़ी तादाद में लोग शिरकत करने के लिए पहुँचते है। इज्तिमा के दौरान आने-जाने वाले मुसाफिरों की संख्या बहुत अधिक रहती है, जिससे यातायात पर दबाव बढ़ जाता है। ऐसी स्थिति में यदि इस अवधि के दौरान टोल गेट को निःशुल्क (टोल फ्री) रखा जाए, तो लोगों को बड़ी राहत मिलेगी और ट्रैफिक व्यवस्था भी सुचारु रहेगी। पिछले वर्षों में भी इसी मौके पर टोल गेट को अस्थायी रूप से निःशुल्क किया जाता रहा है, जिससे जनता और प्रशासन दोनों को सुविधा हुई थी। ज्ञापन सौंपने वालों में प्रमुख रूप से आज़म लाला, जमसेद पहलवान, शेरू भाई, दानिश खान, जुनेद खान, आसिफ भाई, नासिर खान, अकील शाह सहित बड़ी संख्या में नागरिकगण उपस्थित रहे।

### जिले के किसान नरवाई के बेहतर प्रबंधन के लिए हुए जागरूक

# कमिश्नर ने कृषि उपज मंडी में भावांतर योजना में पंजीकृत किसानों से की चर्चा

नर्मदापुरम संभाग कमिश्नर श्री कृष्ण गोपाल तिवारी सोमवार को जिले के माखन नगर एवं इटारसी तहसील के भ्रमण पर थे। इस दौरान उन्होंने गांवों में नरवाई के बेहतर प्रबंधन को देखा।



हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

नर्मदापुरम संभाग कमिश्नर कृष्ण गोपाल तिवारी सोमवार को कृषि उपज मंडी इटारसी पहुंचे। यहां उन्होंने सोयाबीन एवं धान की उपज की नीलामी का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने भावांतर योजना में पंजीकृत किसानों से चर्चा की एवं धान एवं सोयाबीन खरीदने वाले व्यापारियों से भी आमने-सामने चर्चा कर वस्तु स्थिति जानी।कमिश्नर श्री तिवारी ने भावांतर योजना के तहत सोयाबीन की फसल के लिए पंजीयन करने वाले किसान श्री मंजीत सिंह चौहान से बात की।

किसान चौहान ने बताया की व्यापारी गण अधिकतम 3822 रुपए प्रति क्विंटल सोयाबीन खरीद रहे हैं। इस वर्ष अत्यधिक बारिश के कारण सोयाबीन की फसल पूरी तरह नष्ट हो गई है। सोयाबीन में माशचर है। इस कारण व्यापारी किसानों से कम रेट पर सोयाबीन खरीद रहे हैं। व्यापारी सोयाबीन में नमी बता कर कम बोली लगा रहे हैं। कमिश्नर तिवारी ने मौके पर ही माशचर मशीन से सोयाबीन की नमी को चेक किया, बताया गया कि सोयाबीन में 8 पॉइंट माशचर है। यहां पर कुछ किसानों ने कमिश्नर को बताया कि अभी तक सोयाबीन की सबसे अधिक बोली 4150 रुपए प्रति क्विंटल लगाई गई है। कमिश्नर ने किसानों को आश्वस्त किया की भावांतर योजना के अंतर्गत पंजीकृत किसानों को मॉडल रेट एवं भावांतर द्वारा तय अनुसार उनकी सोयाबीन उपज का दाम शासन द्वारा दिया जाएगा। कमिश्नर ने व्यापारियों से आमने-सामने चर्चा की। व्यापारियों ने बताया कि इस वर्ष बारिश के कारण धान की उपज लाल हो चुकी है एवं सोयाबीन में भी नमी है। इस कारण वे किसानों को पर्याप्त रेट नहीं दे पा रहे हैं।

व्यापारियों ने कहा कि उन्हें भी आगे धान एवं सोयाबीन का विक्रय करना पड़ता है। इस कारण से इस वर्ष सोयाबीन एवं धान के रेट में पिछले वर्ष की तुलना में। प्रति क्विंटल कुछ गिरावट आई है। कुछ किसानों ने कमिश्नर श्री तिवारी को अवगत कराया कि व्यापारी गण अच्छी और नमी दोनों प्रकार की सोयाबीन की एक ही बोली लगा रहे हैं जिसके चलते उन्हें परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त राजस्व गणेश जायसवाल, मंडी सचिव प्रशांत पांडे सहित संबंधित अधिकारी गण उपस्थित रहे। ग्राम नीम साड़ियां एवं आसपास के गांव में सक्रिय सेवरान एनर्जी सॉल्यूशन प्राइवेट लिमिटेड कंपनी किसानों के खेतों में जाकर नरवाई का निशुल्क निदान कर रही है। कंपनी ने अब तक किसानों के लगभग 600 एकड़ खेत पर अपने बेलर मशीन के माध्यम से निशुल्क नरवाई को निकालकर किसानों को निशुल्क सहायता प्रदान की है। आसपास के सभी किसान उनका सहयोग लेकर अपने खेतों से नरवाई साफ करा रहे हैं।

## खेत के टप्पर पर जा रहे युवक को चोर समझकर पीटा, गंभीर घायल

### पुलिस जांच में जुटी



हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी मालवा

झकलाय रेलवे गेट के पास देर रात हुई मारपीट की घटना क्षेत्र में कानून व्यवस्था पर सवाल कर दिए है।सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मे घायल गणेश कुशवाहा ने बताया कि की झकलाय रेलवे गेट के पास स्थित खेत के टप्पर पर सोने जा रहे थे, तभी उन्हें कुछ लोगों ने चोर समझ लिया और बुरी तरह डंडों से पीट घायल युवक गणेश कुशवाहा ने बताया कि वह रोज की तरह अपनी बाइक से खेत के टप्पर पर जा रहे थे।

गाड़ी को सड़क किनारे खड़ा कर जैसे ही खेत की ओर बढ़े, दो युवक वहां पहुंचे और बिना कुछ पूछे "चोर-चोर" चिल्लाने लगे। गणेश ने बताया कि दोनों ने अचानक डंडों से हमला कर दिया और जमीन पर गिराकर बेरहमी से पिटाई की। गणेश ने बताया कि मारपीट के बाद आरोपियों ने उसे जबरन अपने खलिहान में उठा ले गए, जहाँ फिर से उसकी पिटाई की गई अस्पताल कर्मियों से कहा कि वह ब्रिज से गिर गया है अस्पताल स्टाफ ने जब मामले की स्थिति संदिग्ध पाई तो तत्काल पुलिस को सूचना दी।

गणेश के पैर में चोटें आई हैं और उसका उपचार अस्पताल में जारी है। युवक के परिजनों का कहना है कि इस तरह की घटनाएं क्षेत्र में भय का माहौल पैदा करती हैं। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाए।

## शवों के पोस्टमार्टम के लिए कर्मचारी पर घूस मांगने का आरोप, नोटिस जारी, जांच शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी शासकीय चिकित्सालय में एक सफाईकर्मी पर पोस्टमार्टम कराने के एवज में मृतक के परिजनों से रिश्वत मांगने का गंभीर आरोप लगा है। इस शिकायत को गंभीरता से लेते हुए, चिकित्सालय अधीक्षक डॉ. आरके चौधरी ने आरोपी कर्मचारी को कारण बताओ सूचना पत्र (शो कॉज नोटिस) जारी कर मामले में उसका पक्ष मांगा है और जांच शुरू कर दी है।क्या है

शिकायतकर्ता : ग्राम पाडूखेड़ी निवासी अमित रावत ने अस्पताल अधीक्षक को लिखित शिकायत दी। मृतक : शिकायतकर्ता के कर्मचारी नरेंद्र की हार्वेस्टर पर काम करते समय अचानक मृत्यु हो गई थी।

### घटना का दिन

पुलिस द्वारा आवश्यक औपचारिकताएं पूरी करने के बाद मृतक का शव 25 अक्टूबर को सुबह 9 बजे पोस्टमार्टम के लिए चिकित्सालय लाया गया था। आरोपी कर्मचारी : चिकित्सालय में पदस्थ सफाईकर्मी भजनलाल ने पोस्टमार्टम कराने के लिए मृतक के स्वजनों से 7,000 की रिश्वत मांगी। भुगतान : कथित तौर पर, स्वजनों द्वारा 2,000 रुपए की राशि देने के बाद ही पोस्टमार्टम की प्रक्रिया शुरू की गई। गंभीर धमकी और नियमों का उल्लंघनअतिरिक्त मांग : आरोप है कि राशि लेने के बाद भजनलाल ने स्वजनों से शव को उनके निजी वाहन से ले जाने को कहा।धमकी : जब परिवार ने इससे इनकार किया, तो सफाईकर्मी ने उन्हें पीएम रिपोर्ट में गड़बड़ी करने की धमकी दी।

### अधीक्षक का एक्शन

शिकायत के आधार पर अधीक्षक डॉ. आरके चौधरी ने मामले को गंभीर मानते हुए सफाईकर्मी भजनलाल को नोटिस जारी किया है।

### नोटिस की विषय वस्तु

नोटिस में स्पष्ट कहा गया है कि यह कृत्य मध्यप्रदेश सिविल सेवा आचरण नियम 1965 का उल्लंघन है और इससे चिकित्सालय की छबि धूमिल हुई है। चिकित्सालय प्रबंधन का रुखअधीक्षक डॉ. आरके चौधरी ने मीडिया को बताया कि उन्होंने जांच के लिए नोटिस जारी किया है। उन्होंने कहा, कर्मचारी के बयान और स्पष्टीकरण के बाद आगे की विस्तृत जांच की जाएगी और उचित कार्रवाई की जाएगी। चिकित्सालय प्रबंधन ने कर्मचारी को दो दिवस के भीतर अपना जवाब प्रस्तुत करने को कहा है, अन्यथा उनके विरुद्ध वरिष्ठ कार्यालय को कड़ी अनुशासनात्मक कार्रवाई का प्रस्ताव भेजा जाएगा।

## करणी सेना ने किसानों पर एफआईआर का किया विरोध



हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर

करणी सेना और किसानों ने तहसील कार्यालय एवं पुलिस थाने पहुंचकर खेतों में नरवाई नष्ट करने की अनुमति एवं समय पर खाद उपलब्ध कराने कई किसानों की धान एवं सोयाबीन की फसल प्राकृतिक आपदा से खराब हो गई है क्षति अनुसार किसानों को राहत राशि प्रदान करने के लिए ज्ञापन दिया है। करणी सेना के पदाधिकारी गब्बू राजपूत ने बताया शासन द्वारा पराली जलाने पर किसानों के विरुद्ध एफ आई आर करने एवं कार्यवाही के निर्देश दिए हैं यह किसानों के साथ अन्याय है।

किसानों के पास नरवाई नष्ट करने के उपकरण नहीं है किसान की आर्थिक स्थिति भी ऐसी नहीं है कि वह तत्काल महंगे उपकरण क्रय कर सके उक्त मांगे समय पर पूर्ण नहीं हुई तो करणी सेना और किसान आंदोलन के लिए बाध्य हैं जिसकी समस्त जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी।

## कांग्रेस के प्रशिक्षण शिविर में लगे फ्लेक्स पर लगाया गोबर, पिपरिया क्षेत्र में बनी जनचर्चा

### थाने में दर्ज कराई गई शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

पिपरिया जनपद पंचायत क्षेत्र की पचमढ़ी में 11 दिवसीय जिला अध्यक्ष को प्रशिक्षण देने के लिए अखिल भारतीय राष्ट्रीयकांग्रेस के द्वारा शिविर आयोजित किया गया है। जिसका प्रारंभ 2 नवंबर से प्रारंभ किया गया है।

जिसमें प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार सहित सभी विधायकों के साथ 71 जिला अध्यक्ष शामिल हुए हैं। जिसमें केंद्रीय मंत्रिमंडल में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी भी शामिल होंगे ऐसी आशा व्यक्त की जा रही है। पिपरिया जनपद पंचायत क्षेत्र के कांग्रेस कमेटी के नेताओं ने 1 नवंबर को सिवनी ग्राम पंचायत से लेकर पिपरिया मटकुली पचमढ़ी तक फ्लेक्स लगाएं जिनमें पूर्व मुख्यमंत्री



दिग्विजय सिंह सहित अन्य सभी पदाधिकारियों के छायाचित्र संग्रह कर लगाएं थे लेकिन किसी के द्वारा 1 नवंबर को दिग्विजय सिंह के छायाचित्र पर गोबर लगा दिया जो फ्लेक्स चर्चा का विषय बना हुआ है। मंगलवारा थाने चौराहे पर रखे इस फ्लेक्स को साफ सफाई करने वाले रघुवीर सिंह जो राजा पलिया के आफिस में कार्यरत हैं।

रघुवीर ने बताया रात्रि 8से 9 बजेकी घटना है। फ्लेक्स में अलग-अलग छाया चित्र पर गोबर लगाया हैं। भैया के चित्र पर भी आंखों में गोबर लगा हुआ है। जिला अध्यक्ष के चित्र पर तथा दिग्विजय सिंह के चित्र पर गोबर लगाया गया है। याद रहे मंगलवारा चौराहे पर तथा तमाम जगहों पर कैमरे लगे हैं। लेकिन 2 नवंबर तक किसी पिपरिया के कांग्रेस जनों ने थाने में शिकायत दर्ज नहीं कराई गई। शाम 4बजे बनखेड़ी विकासखंडके के अनिरुद्ध शुक्ल ने शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस कैमरे खंगाल रही है। पुलिस कोई जानकारी नहीं ले पाई है।

## पुलिस ने दिखाई तत्परता, नागरिक ने दिया ईमानदारी का परिचय, कीमती मोबाइल लौटाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी




शहर के एक ईमानदार नागरिक ने मिसाल पेश करते हुए 1 लाख रुपये कीमती एप्पल मोबाइल फोन को उसके मालिक तक पहुंचाने में मदद की। यह मोबाइल फोन बीती रात सोनासांवरी मार्ग पर गिरकर गुम हो गया था।

मिली जानकारी के अनुसार, सरदार जसबीर सिंह का लगभग एक लाख रुपये मूल्य का एप्पल मोबाइल फोन सोनासांवरी मार्ग पर कहीं गिर गया था। यह गुम हुआ मोबाइल विशाल केवट, निवासी सोनासांवरी, को रास्ते में पड़ा मिला।

ईमानदारी का परिचय देते हुए विशाल केवट ने बिना देर किए, यह कीमती फोन लाकर इटारसी थाने में जमा करा दिया।

पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए मोबाइल के मालिक सरदार जसबीर सिंह को सूचना दी। सूचना मिलने पर जसबीर सिंह थाने पहुंचे, जहां तस्दीक (जांच) के बाद पुलिस ने मोबाइल उन्हें सुपुर्द कर दिया। अपना महंगा फोन वापस पाकर सरदार जसबीर सिंह ने मोबाइल लौटाने वाले नागरिक विशाल केवट और पुलिस विभाग के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया।

## मुख्यमंत्री कन्यादान योजना की हितग्राहियों को मिली राशि



हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

जनपद पंचायत के द्वारा 30 अप्रैल को कृषि उपज मंडी परिसर में मुख्यमंत्री कन्यादान योजना में शामिल हुए 180जोडो का सामुहिक विवाह सम्मेलन कराया गया था। लेकिन अभी तक 7 माहमे आदिवासी समुदाय को अनुदान राशि का वितरण नहीं किया गया था। शेष सभी को भुगतान कर दिया गया था। लेकिन अभी तक राशि ना आने पर चैक वितरित नहीं किए गए थे। पर नवंबर माह में जनपद पंचायत के खाते में राशि जमा होने पर जनपद पंचायत मुख्यमंत्री कन्यादान योजना में शामिल हुए जोडीको जनपद पंचायत अध्यक्ष के द्वारा तथा शाखा प्रभारी विजय आदिवासी मधु तिवारी ने हितग्राही को 49000 रुपए के चेक का वितरण किया गया।

## चाकू और पत्थर की फर्शी से हमला, घर के सामने आटो खड़ा करने पर विवाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

इटारसी थाना क्षेत्र में 1 और 2 नवंबर के दौरान मारपीट और संबंधित धाराओं के तहत तीन मामले दर्ज किए हैं। 1 नवंबर को रात साढ़े 11 बजे इटारसी में लाल बिल्डिंग के पास छोटा भाट मोहल्ला न्यास कॉलोनी में घटना हुई।

फरियादी अनुराग पिता राजेश कुचबंदिया, उम्र 22 साल ने शिकायत दर्ज करायी है कि साहिल भाट और रोहित भाट, निवासी न्यास कॉलोनी इटारसी उत्तेजित होकर लड़ाई-झगड़ा करने को उतारू हुए और मना करने पर फरियादी और राजा कहार के साथ चाकू और पत्थर की फर्शी से मारपीट कर चोट पहुंचाकर जान से मारने की धमकी दी। इसी मामले में साहिल पिता उत्तम भाट, उम्र 20 साल ने अन्नू कुचबंदिया राजा दिल्ली, निवासी न्यास कॉलोनी झोपड़ी इटारसी पर चाकू से हमला कर चोट पहुंचाना और जान से मारने की धमकी देने की शिकायत दर्ज करायी है। पुलिस ने मामले में दोनों पक्षों के खिलाफ प्रकरण पंजीबद्ध कर लिया है। एक अन्य घटना में धर्मेन्द्र पिता रामनिवास मेहरा, उम्र 32 साल ने शिकायत दर्ज करायी है कि शुभम मौर्य, रोशनी मौर्य, राखी मौर्य ने जबरन अपना ऑटो दुकान के सामने खड़ा किया और मना करने पर गाली-गलौज करना, दुकान में रखे अंडे, दूध व सामान में तोड़फ़ोड़ करना, मारपीट कर चोट पहुंचायी तथा गैर-लाइसेंस हथियार दिखाकर लोगों को डराने-धमकाने की शिकायत दर्ज करायी है।

## जिला कांग्रेस अध्यक्ष ने वर-वधू को बधाई दी

**सीहोर।** जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजीव गुजराती सेवादल कांग्रेस के जिला अध्यक्ष नरेंद्र खंगराले. ने इछावर रोड स्थित काकड़ खेड़ा माता के मंदिर पर देवउठनी ग्यारस के पावन पर पर अनेको शादी के पवित्र जोड़े बंधन में बंधे जोड़ों को मंदिर व निवास स्थान पर जाकर राजीव गुजराती एवं नरेंद्र खंगराले ने बधाई दी एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामनाएं की। इस अवसर पर सुदेश नगर स्थित पूर्व सरपंच नंदकिशोर मालवीय पूर्व सरपंच फूलमोगरा के सुपुत्र दीपक मालवीय की शादी पर घर जाकर बधाई दी। इस अवसर पर सेवादल कांग्रेस के कार्यकर्ता दीपक सोनकर सहित अनेकों महिला पुरुष उपस्थित रहे।

## मप्र स्थापना दिवस पर सांस्कृतिक व शैक्षिक कार्यक्रमों का हुआ

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



शासकीय कन्या महाविद्यालय, इटारसी में मध्य प्रदेश के 70वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में 1 नवंबर से 3 नवंबर तक विविध शैक्षिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मध्य प्रदेश गान के सामूहिक प्रस्तुतिकरण के साथ हुआ, जिसमें छात्राओं ने उत्साहपूर्ण सहभागिता प्रदर्शित की। इस अवसर पर आयोजित मध्य प्रदेश सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

जिसमें आस्था यादव ने प्रथम, पलक साहू ने द्वितीय तथा मंजू तेकाम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम के अंतर्गत मध्य प्रदेश की गौरवशाली विरासत और आधुनिक विकास की यात्रा विषय पर संवाद सत्र का आयोजन भी किया गया। जिसमें छात्राओं ने अपने विचार प्रस्तुत किए और प्रदेश की ऐतिहासिक, सांस्कृतिक एवं विकासात्मक उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। मुख्य अतिथि वरिष्ठ प्राध्यापक मंजरी अवस्थी ने कहा कि मध्य प्रदेश वह भूमि है जहां इतिहास सांची और भीमबेटिका में दर्ज है, और भविष्य स्मार्ट शहरों, स्टार्टअप्स व नवाचार में आकार ले रहा है। कार्यक्रम संयोजक डॉ. शिरीष कुमार परसाई ने कहा हमारी छात्राएँ मध्य प्रदेश की गौरवशाली परंपराओं की संवाहक हैं।

### सिंधी समाज के आह्वान पर इटारसी बाजार बंद रहा

## झूलेलाल का अपमान करने वाले का मुंह काला करने वाले को इनाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

छत्तीसगढ़ निवासी जोहर पार्टी प्रमुख अमित बघेल द्वारा सिंधी समाज के इष्ट देव भगवान झूलेलाल और संपूर्ण सिंधी समाज पर की गई कथित अशोभनीय टिप्पणी के विरोध में इटारसी का सिंधी समाज उग्र हो गया है। पूज्य पंचायत इटारसी सिंधी समाज ने 3 नवंबर को अपनी सारी दुकानें बंद रखीं और एफआईआर की मांग को लेकर एक ज्ञापन राज्यपाल और मुख्यमंत्री के नाम एसडीओपी और टीआई को दिया।

सिंधी समाज के आराध्य भगवान झूलेलाल सहित अन्य महापुरुषों पर कथित आपत्तिजनक टिप्पणी किए जाने को लेकर सोमवार को इटारसी में



सिंधी समाज ने जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। समाज के लोगों ने आक्रोश रैली निकाली, पुतला दहन किया और बघेल के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग करते थाने पहुंचे।

विरोध प्रदर्शन के चलते सुबह से ही सिंधी कॉलोनी और आसपास के बाजारों में सिंधी समाज के प्रतिष्ठान बंद रहे। समाज के लोगों ने सिंधी कॉलोनी सिंधु भवन से जयस्तंभ चौक तक आक्रोश रैली निकाली। रैली के दौरान प्रदर्शनकारियों ने 'अमित बघेल मुर्दाबाद' और 'भगवान झूलेलाल अमर रहें' जैसे नारे लगाए। जयस्तंभ चौक पर सिंधी समाज ने अमित बघेल के पुतले को जूते-चप्पलों की माला पहनाकर दहन किया। दोपहर बाद एसडीओपी वीरेंद्र कुमार मिश्रा और टीआई गौरव बुंदेला के आश्वासन पर ही दुकानें खोली गईं।

एसडीओपी ने समाज के प्रतिनिधियों से चर्चा कर अमित बघेल के खिलाफ कार्रवाई का भरोसा दिया। पुतला दहन के बाद प्रदर्शनकारी थाना इटारसी पहुंचे और एसडीओपी को ज्ञापन सौंपा।

समाज के अध्यक्ष धर्मदास मिहानी, सचिव मनीष वसानी, कोषाध्यक्ष विजय परवानी, कैलाश नवलानी, गोपाल सिद्धवानी, श्याम शिवदासानी, मोहनलाल चेलानी, भोजराज मूलचंदानी, राहुल चेलानी, अनिल मिहानी सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित थे।

## संभाग स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता राज तिवारी ने जीता गोल्ड मेडल



हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी मालवा

शासकीय कुसुम स्नातकोत्तर महाविद्यालय सिवनी मालवा जिला नर्मदापुरम में शासन के निर्देशानुसार वार्षिक खेल कैलेंडर के तहत संभाग स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता 1 नवंबर को शासकीय कन्या महाविद्यालय सीहोर में आयोजित की गई थी जिसमें महाविद्यालय के छात्र राज तिवारी बी. ए सी द्वितीय वर्ष ने संभाग स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता 86 किलो ग्राम में प्रथम स्थान में गोल्ड मेडल प्राप्त किया 1 महाविद्यालय प्राचार्य डॉ राजेश कुमार रघुवंशी ने छात्र को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हर सुबह एक नए अवसर है बस खुद पर विश्वास रखो और अपनी लक्ष्य की और अग्रसर रहो 1 क्रीड़ा अधिकारी सोमेश कुमार राठौर के कुशल मार्गदर्शन में राज तिवारी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयनित किए गए।

## खबर संक्षेप

### गुरुवार को आयोजित होगा रक्तदान शिविर

**रहटगांव।** नगर में गुरुवार को विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया जायेगा। जिसमें गांव के युवाओं, महिलाओं ,बच्चों , छात्र-छात्राओं ,बुजुर्गों, व्यापारियों के द्वारा रक्तदान में भाग लेकर रक्तदान किया जाएगा। गौर समाज रहटगांव, बजरंग दल टीम रहटगांव, गायत्री परिवार, जय महाराणा रक्तदान भारत समूह, सजक फाउंडेशन की ओर से रक्तदान समूह में भाग लिया जाएगा। यह शिविर सरस्वती शिशु मंदिर में सुबह 10बजे से शाम 4 बजे तक होगा।

### शुरुआत वंदेमातरम गायन से की

**हरदा।** प्रत्येक माह के पहले कार्य दिवस की शुरुआत शासकीय कार्यालयों में राष्ट्रगीत वंदेमातरम गायन के साथ होती है। इसी क्रम में सोमवार सुबह कलेक्ट्रेट परिसर में स्थित कार्यालयों के अधिकारी कर्मचारियों ने राष्ट्रगीत व राष्ट्रगान का गायन किया। इस अवसर पर कलेक्टर सिद्धार्थ जैन, अपर कलेक्टर पुरूषोत्तम कुमार सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी भी मौजूद थे।

### नवविवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

**हरदा।** नीमगांव में सोमवार सुबह 23 वर्षीय नवविवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई. महिला ने जहरीली दवा खा ली थी। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मृतका की पहचान शिवानी के रूप में हुई। शिवानी अपने पति सत्यनारायण कोरकू और दो साल के बेटे के साथ गांव में ही एक किसान के यहां मजदूरी करती थी। सत्यनारायण मूल रूप से ग्राम जिनवनिया निवासी है। शिवानी के माता-पिता और भाई भी नजदीक ही खेत में मजदूरी करते हैं। सिविल लाइन थाने के एसआई संतोष कुमार बामने ने बताया कि शिवानी ने बीती रात किसी समय पंप में रखी जहरीली दवा का सेवन कर लिया। पति सत्यनारायण के अनुसार, रात में शिवानी ने पेट दर्द की शिकायत की थी, तब उसे घरेलू दवा दी गई। उस समय उसने जहर खाने की बात नहीं बताई थी। सोमवार सुबह उसकी तबीयत अचानक बिगड़ गई और कुछ ही देर में उसकी मौत हो गई। मृतका की मां सुखिया पति भूरेलाल ने कहा कि शिवानी की शादी चार साल पहले हुई थी और उसका दो साल का बेटा है।

दिव्य संत यात्रा कच्छ कड़वा पाटीदार समाज भवन में संपन्न हुई, जहां सर्व समाज के नागरिकों ने संतों का स्वागत किया

# स्वामीनारायण संप्रदाय के 111 संतों का प्रेरणादायक पदार्पण हरदा में हुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

नगर में स्वामीनारायण संप्रदाय से जुड़े 111 संतों का ऐतिहासिक एवं प्रेरणादायक आगमन हुआ। यह दिव्य संत यात्रा कच्छ कड़वा पाटीदार समाज भवन में संपन्न हुई। जहां सर्व समाज के नागरिकों ने संतों का श्रद्धा और भक्ति भाव से स्वागत एवं सम्मान किया। कार्यक्रम का संचालन उत्तम विवेक स्वामी ने किया। उन्होंने संतों का परिचय करवाते हुए स्वामीनारायण संप्रदाय और उसकी बोचासनवासी अक्षर पुरुषोत्तम स्वामीनारायण संस्था के विषय में जानकारी दी। उन्होने बताया कि स्वामीनारायण संप्रदाय एक वैष्णव भक्ति परंपरा है। जिसकी स्थापना 18वीं सदी में भगवान स्वामीनारायण ने की थी। यह संप्रदाय अक्षर पुरुषोत्तम दर्शन पर आधारित है। संस्था विश्वभर में शिक्षा, स्वास्थ्य, सामाजिक सेवा, पर्यावरण संरक्षण और आध्यात्मिक जागृति के क्षेत्र में कार्य कर रही है। दिल्ली का अक्षरधाम मंदिर और अबू धाबी में निर्मित हो रहा भव्य मंदिर इस संस्था की वैश्विक पहचान और समर्पण भावना का प्रतीक हैं। संतों ने अपने प्रवचनों में कहा कि सच्चा धर्म वही है जो मानवता, सदाचार और सेवा भावना को सर्वोपरि रखता है। इस अवसर पर कच्छ कड़वा पाटीदार समाज द्वारा सभी श्रद्धालुओं के लिए भोजन प्रसादी की व्यवस्था की गई। नगर के प्रतिष्ठित



नागरिकों, उद्योगपतियों एवं सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। इस दौरान नटवरभाई पटेल प्रमुख उद्योगपति एवं समाजसेवी ने कहा कि हरदा के इतिहास में यह आयोजन एक अभूतपूर्व और ऐतिहासिक अवसर है। इतने बड़ी संख्या में स्वामीनारायण संप्रदाय के शिक्षित संतों का आगमन नगर के लिए आध्यात्मिक सौभाग्य है। उनके प्रवचनों ने हर नागरिक के हृदय में धार्मिक चेतना, एकता और सद्भाव का भाव जाग्रत किया है। यह आयोजन हरदा को धर्म, संस्कृति और समाजसेवा के संगम स्थल के रूप में एक नई पहचान देता है।

केंद्रीय मंत्री ने किया नवनिर्मित सब-स्टेशन भवरास का लोकार्पण

# सब-स्टेशन से भवरास, बिल्लौद, जलौदा और लछोरा समाशाबाद में विद्युत सुगम होगी: उइके



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

अनुसूचित जनजाति कार्य विभाग के केंद्रीय राज्य मंत्री दुर्गादास उइके ने सोमवार को हरदा प्रवास के दौरान ग्राम भवरास में नवनिर्मित सब-स्टेशन का स्वीच दबाकर लोकार्पण किया। इस दौरान जिला भाजपा अध्यक्ष राजेश वर्मा, पूर्व विधायक टिमरनी संजय शाह, जिला पंचायत सदस्य ललित पटेल, एसडीएम टिमरनी संजीव नागू, सरपंच रामप्रसाद धुर्वे सहित अधिकारी कर्मचारी व जनप्रतिनिधि मौजूद थे। केन्द्रीय मंत्री उइके ने अपने उद्बोधन में कहा कि आज जो सब-स्टेशन का शुभारंभ किया गया है, इसकी लागत 266.17 लाख रुपए है। इससे ग्राम भवरास, बिल्लौद, जलौदा, लछोरा, समाशाबाद के ग्रामीणों के लिए विद्युत प्रवाह संचार और सुगम हो जायेगा। उन्होंने कहा कि रबी सीज़न में किसानों को भी इसका फायदा मिलेगा। श्री उइके ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश निरंतर विकास की ओर अग्रसर है। आज दुनिया की चौथी अर्थव्यवस्था भारत है। उन्होंने कहा कि विकास की इस यात्रा में मध्यप्रदेश स्वर्णिम प्रदेश की ओर अग्रसर है, जिससे गांव के अंतिम व्यक्ति को भी लाभान्वित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आज हम सबको मिलकर संकल्प लेना है कि हरदा को मध्यप्रदेश का सर्वश्रेष्ठ जिला बनना है। जिला भाजपा अध्यक्ष राजेश वर्मा ने इस अवसर पर कहा कि प्रदेश सरकार और केंद्र सरकार पंडित दीनदयाल उपाध्याय के आदर्शों पर चलकर गरीबों के हित में कार्य कर रही है। पूर्व विधायक टिमरनी संजय शाह ने भवरास सब-स्टेशन की सौगात के लिए लिए मुख्यमंत्री डॉ. यादव व केन्द्रीय मंत्री श्री उइके का आभार और धन्यवाद व्यक्त किया। उन्होने कहा कि 33/11 सब-स्टेशन के शुभारंभ से किसानों को विद्युत प्रवाह निरंतर मिलता रहेगा।

## जिला अधिवक्ता संघ के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को शपथ दिलाई



केन्द्रीय राज्य मंत्री दुर्गादास उइके सोमवार को हरदा प्रवास के दौरान न्यायालय परिसर हरदा में जिला अधिवक्ता संघ के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों के शपथ विधि ग्रहण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए। इस दौरान प्रधान जिला न्यायाधीश अरविन्द रघुवंशी, विशेष न्यायाधीश जयदीप सिंह, विशेष अतिथि हरदा विधायक डॉ. आर.के. दोगने, भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश वर्मा, पूर्व विधायक टिमरनी संजय शाह, न्यायाधीश, अधिवक्ता गण सहित न्यायालय के अधिकारी कर्मचारी व जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा मां सरस्वती की फोटो पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। केन्द्रीय मंत्री उइके ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि हमारी न्याय प्रणाली दुनिया की सबसे प्राचीन प्रणाली है जो निर्णय निष्पक्ष निर्भय होकर देते हैं, उनका सभी सम्मान करते हैं और मानते हैं। उन्होने कहा कि सभी को न्याय मिले, इसकी जिम्मेदारी आप सभी की है। उन्होने कहा कि सभी को न्याय व्यवस्था को चलाने के लिए हर संभव प्रयास करना चाहिए।

### पदाधिकारियों ने शपथ ली

कार्यक्रम में अतिथियों ने जिला अधिवक्ता संघ के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को शपथ दिलाई। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों में अध्यक्ष जगदीश प्रसाद विश्वकर्मा, उपाध्यक्ष संदीप कुमार स्वामी, सचिव शैलेन्द्र कुमार जोशी, सहसचिव अजय सिंह राजपूत, कोषाध्यक्ष विजय कुमार कोठारी, ग्रन्थपाल अखलेश कुमार भाटी, कार्यकारिणी सदस्य अनारक्षित धर्मेन्द्र पिपलौदे, नारायण तिवारी, लखन बामने, विनोद कुमार शर्मा, कार्यकारिणी सदस्य आरक्षित राघवेन्द्र सिंह राजपूत, उमेश सेजकर, विक्रम कौशल कर्यकारिणी सदस्य आरक्षित महिला नंदिनी शर्मा, आरक्षित कार्यकारिणी सदस्य टिमरनी शुभम पुनासे, आरक्षित कार्यकारिणी सदस्य खिरकिया अरसाईद खान शामिल थे। अतिथियों द्वारा नवनिर्वाचित पदाधिकारियों व निर्वाचन कराने वाले अधिवक्ताओं का प्रमाण पत्र व माल्यार्पण कर स्वागत किया गया।

भगवान झूलेलाल पर की थी

## बयान का अग्रवाल व सिंधी समाज ने किया विरोध



**हरदा।** छत्तीसगढ़ क्रांति सेना और जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी के प्रमुख अमित बघेल द्वारा अग्रसेन महाराज और भगवान झूलेलाल पर की गई आपत्तिजनक टिप्पणियों के विरोध में सोमवार को हरदा में सिंधी और अग्रवाल समाज ने प्रदर्शन किया। दोनों समाजों के पदाधिकारियों ने कलेक्ट्रेट में ज्ञापन सौंपकर बघेल के खिलाफ कठोर दंडात्मक कार्रवाई की मांग की। अमित बघेल ने हाल ही में छत्तीसगढ़ महतारी की मूर्ति तोड़े जाने के बाद एक बयान में कहा था, ₹पंडित दीनदयाल उपाध्याय, श्यामा प्रसाद मुखर्जी, अग्रसेन महाराज की मूर्ति क्यों नहीं टूटती? उनकी मूर्ति पर पेशाब क्यों नहीं करते? कौन है अग्रसेन महाराज? चोर है या झूठा?₹ इस बयान के बाद अग्रवाल और सिंधी समाज में तीव्र रोष फैल गया। अग्रवाल समाज के अध्यक्ष विनोद अग्रवाल ने कहा कि इस टिप्पणी से न केवल समाज की धार्मिक भावनाएं आहत हुई हैं, बल्कि राष्ट्रीय विचारधारा के महान प्रतीकों का भी अपमान हुआ है। सिंधी समाज के पूर्व सचिव जयपाल धामेजा ने आरोप लगाया कि अमित बघेल ने भगवान श्री झूलेलाल और पूरे सिंधी समाज के प्रति अभद्र टिप्पणी की है, जिससे उनकी धार्मिक भावनाएं आहत हुई हैं। समाज के लोगों ने थाने पहुंचकर अमित बघेल के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और एफआईआर दर्ज करने की मांग पर अड़ गए। उन्होंने कहा कि किसी भी धर्म के प्रति अपमान सहन नहीं किया जाएगा। दोनों समाजों ने सरकार से इस पूरे मामले की जांच करने और आरोपी की गिरफ्तारी की मांग की है। चेतावनी दी गई है कि यदि कार्रवाई नहीं हुई तो वे राज्यस्तरीय उग्र आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

### किसानों को सिंचाई के लिए मिलेगा पानी

**सीहोर।** अच्छी बारिश से कोलार डेम पूरी तरह भर गया है। डेम में अब 265 एमसीएम पानी उपयोग योग्य है। विभाग ने किसानों को पलेवा के साथ सिंचाई के लिए तीन पानी देने की बात कही है। नहरों में पानी कब छोड़ा जाएगा, इसका फैसला 3 नवंबर को जिला स्तर की बैठक में कलेक्टर करेंगे। माना जा रहा है कि नहरों में पानी 15 नवंबर से छोड़ा जा सकता है। कोलार डेम के एसडीओ विजय भार्गव ने बताया कि डेम की कुल क्षमता 270 एमसीएम है।

एसेसिवल इलेक्शन की बैठक संपन्न

# इलेक्शन से संबंधित निर्वाचन आयोग के निर्देशों के बारे में जानकारी दी गई



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

स्वीप के तहत जिला स्तरीय मॉनिटरिंग समिति एसेसिवल इलेक्शन की बैठक सोमवार को मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अंजली जोसेफ की अध्यक्षता मे संपन्न हुई। बैठक में एसेसिवल इलेक्शन से संबंधित निर्वाचन आयोग के निर्देशों से अवगत कराया गया। बैठक में विशेष रूप से पीडब्ल्यूडी एवं सिनियर सिटीजन मतदाता को चुनाव में सहभागी तथा मतदान प्रक्रिया को सुलभ बनाने के संबंध में आवश्यक निर्देशों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। बैठक में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, हरदा अशोक कुमार डेहरिया ने जिले में एसआईआर से संबंधित निर्देशों एवं तैयारियों के संबंध में विस्तृत जानकारी दी तथा इस हेतु जिला स्तरीय मास्टर टेनर द्वारा एसआईआर के दौरान मतदाताओं के सत्यापन की प्रक्रिया के संबंध में बताया गया।

### एसआईआर के संबंध में जागरुक किया जाए

बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत ने निर्देश दिये कि जिले के मतदाताओं विशेषकर पीडब्यूडी एवं सिनियर सिटीजन मतदाताओं को एसआईआर प्रक्रिया एवं निर्देशों के संबंध में जागरूक किया जाए, इस हेतु शिक्षा विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, म.प्र. जन अभियान परिषद, सामाजिक न्याय एवं निःशक्तजन कल्याण विभाग, प्राचार्य पीएम श्री शासकीय महाविद्यालय हरदा, स्वास्थ्य विभाग अपनी-अपनी विभागीय कार्ययोजना तथा गतिविधियों का कैलेण्डर एक सप्ताह में प्रस्तुत करेंगे। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व मतदान केन्द्रवार पीडब्ल्यूडी एवं सिनियर सिटीजन मतदाताओं की जानकारी तथा एएमएफ की जानकारी आगामी बैठक में प्रस्तुत करेंगे । बैठक में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी हरदा डॉ. एच.पी. सिंह, जिला परियोजना समन्वयक जिला शिक्षा केन्द्र हरदा बलवन्त सिंह पटेल, प्राचार्य पीएम श्री शासकीय महाविद्यालय संगीता विले, उपसचालक सामाजिक न्याय एवं निःशक्तजन कल्याण विभाग कमलेश सिंह, जिला समन्वयक म.प्र. जन अभियान परिषद संदीप गौहर, राज रंगारे, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग हरदा भी उपस्थित थे।

## लापरवाही बरतने पर 9 बूथ लेवल अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस

**हरदा।** जिले में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य में लापरवाही बरतने पर 9 बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) को कारण बताओ नोटिस जारी किए गए हैं। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मध्यप्रदेश में 30 अक्टूबर से पुनरीक्षण कार्य शुरू हुआ है, जिसमें विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 135-हरदा भी शामिल है। पहले चरण में बीएलओ को वर्ष 2025 की मतदाता सूची में दर्ज मतदाताओं के नामों को वर्ष 2003 की सूची से मैपिंग करना था। निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा की गई समीक्षा में पाया गया कि कुछ बीएलओ ने इस कार्य में उदासीनता और लापरवाही बरती है। इसी के चलते इन 9 बीएलओ को नोटिस जारी किए गए हैं।

### इन बीएलओ को जारी हुआ नोटिस

मतदान केंद्र 105 नीलम दुबे, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, हरदा, मतदान केंद्र 126 गौरीशंकर छापरे, सहायक ग्रेड-03, हरदा, मतदान केंद्र 17 झ विष्णुप्रसाद निकुम, सचिव, सिगोन, मतदान केंद्र 10 रेखा कलम, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, हनीफाबाद, मतदान केंद्र 25 झ संजय कुमार वर्मा, सचिव, पांचातलाई, मतदान केंद्र 26 बालाराम वर्मा, सचिव, जामलीदमामी, मतदान केंद्र 111 सुशीला कुल्हारे, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, हरदा, मतदान केंद्र 175 पार्वती राठौर, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, मगरधा, मतदान केंद्र 77 अनुसुईया श्रीवास, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, मंझली। निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी ने बताया कि इन सभी को जनप्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 के तहत नोटिस दिए गए हैं।उन्हें 3 नवंबर, 2025 तक अपना लिखित स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं।निर्धारित समय तक कार्य पूर्ण न होने या संतोषजनक जवाब न मिलने पर संबंधितों के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

# एक्यूप्रेशर मैग्नेट थैरेपी से बगैर किसी दवा व गोली के महज शरीर के पांइट दबा कर रोग निदान किया जाएगा

दिल्ली के एक्यूप्रेशर चिकित्सक का निशुल्क उपचार शिविर 6 से 8 तक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

ब्रम्हलीन मस्तरामदास त्यागी महाराज की तपोभूमि आश्रम के जीर्णोद्धार एवं चातुर्मास श्रीसीताराम जाप की पूर्णाहुति के उपलक्ष्य में आयोजित श्रीराम कथा दौरान तीन दिवसीय निशुल्क उपचार शिविर का आयोजन भी किया जा रहा है। जिसमें दिल्ली के प्रसिद्ध एमडी एक्यूप्रेशर एवं आयुर्वेद शास्त्री डॉ एस के गर्ग घूंटने, कमर और कंधों के दर्द का निःशुल्क उपचार करेंगे। एक्यूप्रेशर मैग्नेट थैरेपी के माध्यम से बगैर किसी दवा गोली के महज शरीर के पांइट दबा कर रोग निदान किया जाएगा। उल्लेखनीय हैं कि एक्यूप्रेशर चिकित्सा पद्धति एक तरह से आत्म-उपचार अर्थात व्यक्ति द्वारा स्वयं अपनी उंगलियों का उपयोग करके दबाव डाल कर स्वयं का उपचार करने वाली पद्धति भी कह सकते हैं। लेकिन इसके लिए आवश्यक है शरीर के उन बिंदुओं की जानकारी होना जो शरीर की विभिन्न बिमारियों के लिए एक्यूप्रेशर पांइट कहलाते हैं। आपकी सुविधा और आसान तरीके से विभिन्न प्रकार के दर्दों का बगैर किसी दवा,गोली और इंजेक्शन अथवा आपरेशन के इलाज करने वाले दिल्ली के प्रसिद्ध एक्यूप्रेशर एवं आयुर्वेद चिकित्सक एस के गर्ग का निःशुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित किया जा रहा हैं। यह शिविर 6 से 8 नवंबर तक सुबह 8 से 12 बजे तक स्थानीय कच्छकड़वा पाटीदार भवन में श्रीराम कथा स्थल पर आयोजित होगा। शिविर में केवल घूंटने दर्द , कमर दर्द तथा कंधों के दर्द का उपचार निशुल्क किया जा रहा है।

## पूर्व विधायक शैलेंद्र पटेल बने कांग्रेस की 'एसआईआर' मॉनिटरिंग टीम का हिस्सा



**सीहोर।** आगामी चुनावों के मद्देनजर प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम को प्रभावी बनाने के लिए जिले को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार मध्य प्रदेश कांग्रेस प्रभारी हरीश चौधरी ने राज्य स्तरीय कार्यक्रम की प्रभावी मॉनिटरिंग और समन्वय के लिए एक आठ सदस्यीय समिति का गठन किया है, जिसमें इछावर विधानसभा से पूर्व विधायक शैलेन्द्र पटेल को शामिल किया गया है।

वरिष्ठ नेता सज्जन सिंह वर्मा की अध्यक्षता वाली इस समिति में शैलेन्द्र पटेल के अलावा संजय कामले, राजीव सिंह, जेपी धनोपिया, गोरगी बैरागी, रितेश जैन और ललित सेन जैसे नेता शामिल हैं। पूर्व विधायक शैलेन्द्र पटेल ने बताया कि उन्हें पूरे प्रदेश में इस महत्वपूर्ण मतदाता पुनरीक्षण टीम में शामिल किया गया है।

### सीहोर जिला कांग्रेस गंभीर, हुई कार्यशाला

प्रदेश स्तर पर मिली जिम्मेदारी के साथ ही सीहोर जिला कांग्रेस भी इस अभियान को लेकर गंभीर है। बीते दिनों डॉ. बाबा साहेब अम्बेडकर धर्मशाला में मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम को लेकर एक कार्यशाला आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता जिलाध्यक्ष राजीव गुजराती ने की, जबकि पूर्व विधायक शैलेन्द्र पटेल और जिले की प्रभारी जयश्री हरि करण विशेष अतिथि के रूप में मौजूद थीं। कार्यशाला में प्रदेश प्रभारी ललित सेन ने कार्यकर्ताओं को मतदाता सूची शुद्धिकरण की गहन प्रक्रिया के बारे में बताया। उन्होंने जानकारी दी कि पुनरीक्षण प्रक्रिया 4 नवंबर से 4 दिसंबर तक चलेगी और अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन 7 फरवरी को होगा।

### नाम कटने का खतरा फॉर्म भरना अनिवार्य

इधर निर्वाचन आयोग ने भी सभी मतदाताओं से अपील की है कि वे 4 नवंबर से शुरू होने वाली इस प्रक्रिया में अनिवार्य रूप से सहयोग करें। आयोग ने साफ किया है कि बीएलओ द्वारा उपलब्ध करवाया गया परिगणना फॉर्म भरकर निश्चित समय में जमा नहीं करवाने की स्थिति में मतदाता का नाम सूची में शामिल नहीं किया जाएगा। यह अभियान मृत, स्थानांतरित, डुप्लीकेट और फर्जी मतदाताओं के नाम हटाने के साथ-साथ त्रुटिरहित सूची बनाने पर केंद्रित है। फॉर्म जमा करते समय मतदाताओं को 11 दस्तावेजों की सूची में से कोई भी एक दस्तावेज संलग्न करना अनिवार्य होगा।

### धान पंजीयन अब 6 तक कराएं किसान

**सीहोर।** खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन के लिए बचे हुए किसानों का पंजीयन अब 6 नवंबर तक हो सकेगा। यह निर्णय खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत की विशेष पहल पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की किसान-हितैषी सोच का परिणाम है। खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री श्री राजपूत ने बताया कि इस संबंध में सभी संबंधित जिलों के कलेक्टरों को आदेश जारी किए गए हैं। आदेश के अनुसार डिण्डौरी, मण्डला, बालाघाट, सतना, छिंदवाड़ा, शहडोल, अनूपपुर, दमोह, सिवनी, मैहर, उमरिया, जबलपुर, सीधी, अलीराजपुर, बैतूल और पन्ना जिलों में अब शेष किसानों का पंजीयन निर्धारित नोडल अधिकारियों की उपस्थिति में किया जाएगा। प्रदेश के कई जिलों से यह सुझाव प्राप्त हुए थे कि तकनीकी कारणों, समयाभाव या मौसम की बाधाओं के चलते कुछ किसान समर्थन मूल्य पर धान बेचने के लिए पंजीयन नहीं करा पाए हैं। कलेक्टरों द्वारा भेजे गए इन प्रस्तावों पर गंभीरता से विचार करते हुए सरकार ने कृषक पंजीयन की अवधि में विस्तार का निर्णय लिया है ताकि कोई भी पात्र किसान सरकारी खरीदी से वंचित न रह जाए। खाद्य संचालनालय द्वारा जारी आदेश में स्पष्ट किया गया है कि, प्रत्येक पंजीयन केन्द्र पर खाद्य, सहकारिता, राजस्व एवं कृषि विभाग के नोडल अधिकारी की उपस्थिति में ही बचे हुए किसानों का पंजीयन किया जाएगा। केन्द्रवार केवल उन शेष कृषकों का ही पंजीयन होगा, जिनके नाम जिला प्रस्ताव में उल्लेखित हैं। किसान पंजीयन हेतु आवश्यक दस्तावेजों का परीक्षण करने के बाद ही पंजीयन की प्रक्रिया पूर्ण की जाएगी।